# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 07.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ योग शिक्षिका राफिया नाज द्वारा दायर शिकायतवाद मामले में मंत्री के सशरीर उपस्थिति से छूट की मांग वाली याचिका पर सुनवाई पूरी हो गयी है। हालांकि कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में अब 16 जुलाई को अदालत का आदेश आयेगा।

********************

सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की ओर से कोडरमा के बिरसा सांस्कृतिक भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन पर दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाईकिल, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्कूल बैग, एजुकेशनल ड्रेस और फ्री स्कूल किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को सक्षम बनाने के लिए न सिर्फ सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है, बल्कि पोषण के साथ शिक्षण की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है।

********************

सिमडेगा जिले में बाल संप्रेक्षण गृह से बीती रात छह किशोर फरार हो गए। इन फरार हुए किशोरों में कई ऐसे भी हैं, जो हत्या जैसे गंभीर मामलों में आरोपी हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। पुलिस ने इन फरार हुए किशोरों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है और उन्हें जल्द से जल्द पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि किसी भी देश को महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं का अपने स्वार्थ के लिए हथियार के रूप में उपयोग नहीं करना चाहिए। रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान संवाद सत्र में श्री मोदी ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अधिक सहयोग के साथ आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित और लचीला बनाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

********************

खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड स्थित गुनी गांव ग्राम सभा के प्रयासों से नशामुक्त गांव बन गया है। दरअसल इस गांव में हर हफ्ते ग्राम सभा की बैठक होती है और गांव में सुधारात्मक पहल के फैसले लिये जाते हैं।

********************

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों तक राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसांवा समेत आठ जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा सिमडेगा, खूंटी और रांची समेत 12 जिलों में बाढ़ की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों से नदियों और जलप्रपातों के किनारे जाने से बचने की सलाह दी है।

**********************

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आज अपना 44 वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर देश–विदेश से लाखों लोग उन्हें जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। माही के होमटाउन रांची में उनके फैंस उन्हें जन्मदिन की बधाई देने उनके फार्महाउस भी पहुंचे हैं। इस बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महेंद्र सिंह धोनी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है।

********समाप्त********